10 विलोम या विपरीतार्थक शब्द

पाठ-योजना

पाठ का उद्देश्य

- अर्थ के आधार पर शब्दों की जानकारी प्राप्त कराना।
- शब्दा-संपदा समृद्ध करना।
- शब्दों की पहचान व व्यावहारिक प्रयोग समझाना।
- विलोम शब्दों के बारे में बताना।

सहायक सामग्री

- स्मार्ट बोर्ड, मोबाइल फ़ोन, पाठ्यपुस्तक, पाठ्यपुस्तक में दिया QR Code, शैक्षिक सामग्री।

पूर्व-ज्ञान

- उपसर्ग लगाकर बनाए जाने वाले कुछ विलोम शब्द बताइए।
- पर्यायवाची शब्द और विलोम शब्द में क्या अंतर है?

प्रमुख बिंदु

- प्रश्न पूछकर पाठ की रूपरेखा तैयार करना।
- QR Code स्कैन कर वीडियो दिखाना।
- बताना–
  - परस्पर विपरीत अर्थ बताने वाले शब्दों को विलोम शब्द कहते हैं।
  - कुछ विलोम शब्द निषेधवाची उपसर्ग लगाकर भी बनाए जाते हैं।
  - कुछ विलोम बिना निषेधवाची उपसर्गों के भी विपरीत अर्थ प्रकट करते हैं।
- प्रमुख विलोम शब्दों की सूची पढ़वाना।
- 'हमने सीखा' के माध्यम से मूल बिंदुओं की पुनरावृत्ति।